

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 11 अक्टूबर 2026

Shubh Navratri

सिर्फ आनंद ज्वेल्स पर 100% पैसा वापसी



*शर्तें लागू

100% Buyback with Money Return on Polki Value

only at

ANAND®

Polki

Indore | Bhopal | Raipur

खबर संक्षेप



बेमचा खल्लारी मंदिर दीप प्रज्ज्वलन आज

महासमुंद। क्वांर नवरात्र महोत्सव पर ग्राम बेमचा स्थित मूल खल्लारी सिद्ध शक्ति पीठ मां खल्लारी मंदिर में ज्योति प्रज्ज्वलन 11 अक्टूबर 2026 को रविवार दोपहर 12 बजे किया जाएगा। सभी श्रद्धालुओं को कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।



सीए रितेश को नई जिम्मेदारी मिलने पर अशवंत ने जताया हर्ष

महासमुंद। भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अंतर्गत चेन्नई कॉर्पोरेशन लिमिटेड में डायरेक्टर का दायित्व मिलने पर सीए रितेश गोलछा के घर पहुंचकर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशवंत तुषार साहू ने फूल-माला एवं गुलदस्ता भेंट कर हर्ष जताया। इस अवसर पर अशवंत तुषार साहू ने वे अपनी नई जिम्मेदारी का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए जनहित एवं राष्ट्रहित में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। साथ में अंकित गोलछा, सुनील पाटिल, सौरभ मालू, लकी चोपड़ा, मोक्ष गोलछा, जेवरी लाल गोलछा, रानू गोलछा, ईशा गोलछा आदि मौजूद रहे।



वृंदावन विद्यालय में नवरात्रि पर्व की धूम

महासमुंद। स्थानीय वृंदावन विद्यालय इंग्लिश मीडियम हाईस्कूल में नवरात्रि पर्व पर विद्यालय के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती, भगवान कृष्ण, माँ दुर्गा के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर माँ की स्तुति से पूजा-अर्चना की गई। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिता जैसे- कलश डेकोरेशन, डांडिया डेकोरेशन, तोरन डेकोरेशन, आदि के माध्यम से बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन दिया। इसके पश्चात छात्रों द्वारा नव दुर्गा के नव रूपों की झाँकी प्रस्तुत करते हुए माँ के 9 रूपों का वर्णन किया गया। उद्बोधन में संस्था प्रमुख एम आर विश्वनाथन ने सभी बच्चों के जीवन में स्वास्थ, शांति, समृद्धि एवं आगे की परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने हेतु कामना की। संचालिका सुजाता विश्वनाथन ने अपने उद्बोधन में माँ दुर्गा के नव रूपों के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक प्रवीण साहू द्वारा किया गया। उपप्राचार्य इंदु मिश्रा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

प्रतिभा कॉलेज में नवरात्रि स्पेशल मेहंदी एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, विद्यार्थियों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

प्रतिभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन बालसी में प्रतिभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन एवं रामचंडी महाविद्यालय के सहयोग से बीएड एवं डीएलएड के विद्यार्थियों के लिए मेहंदी एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मक क्षमता, कलात्मक कौशल एवं सांस्कृतिक अभिरुचि को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना था।

कार्यक्रम में मेहंदी प्रतियोगिता के लिए नवरात्रि स्पेशल मेहंदी तथा पेंटिंग प्रतियोगिता के लिए विकसित भारत 2047 विषय निर्धारित किया गया। दोनों प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी कल्पनाशीलता, कलात्मक दक्षता एवं विषय के प्रति समझ का परिचय दिया। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने नवरात्रि पर्व की सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्ता को आकर्षक मेहंदी डिजाइनों के माध्यम से प्रस्तुत किया। वहीं, पेंटिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने 'विकसित भारत 2047' विषय के अंतर्गत देश के विकास, आधुनिक तकनीक, शिक्षा, आत्मनिर्भरता, पर्यावरण संरक्षण एवं उज्ज्वल भविष्य की कल्पना को अपनी चित्रकलाओं में अभिव्यक्त किया।

प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक के रूप में डॉ. संध्या भोई प्राचार्य स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह महाविद्यालय तथा हेमलता पटेल सहायक प्राध्यापक उपस्थित रहीं। निर्णायकों ने प्रतिभागियों की कलाकृतियों का अवलोकन करते हुए उनकी रचनात्मकता, विषयवस्तु, प्रस्तुति एवं कलात्मक कौशल के आधार पर मूल्यांकन किया। अपने उद्बोधन में डॉ. संध्या भोई ने कहा कि मेहंदी एवं पेंटिंग जैसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की रचनात्मकता, कल्पनाशक्ति और कलात्मक कौशल को निखारने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि नवरात्रि स्पेशल मेहंदी भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जुड़ने का अवसर प्रदान करती है, वहीं 'विकसित भारत 2047' जैसे विषय विद्यार्थियों में राष्ट्र के विकास के प्रति सकारात्मक सोच और जागरूकता उत्पन्न करते हैं। व्यक्तित्व विकास विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए संध्या



भोई मैडम ने कहा कि व्यक्तित्व विकास हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। व्यक्तित्व का अर्थ केवल हमारी बाहरी सुंदरता या पहनावे से नहीं है, बल्कि हमारे विचारों, व्यवहार, आत्मविश्वास, संस्कारों, बोलने की शैली और दूसरों के प्रति हमारे दृष्टिकोण से है।

उन्होंने कहा कि एक अच्छे व्यक्तित्व के निर्माण के लिए शिक्षा, अनुशासन, सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और नैतिक मूल्यों का होना आवश्यक है। विद्यार्थियों को अपने ज्ञान और कौशल को निरंतर विकसित करना चाहिए तथा जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना साहस और धैर्य के साथ करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि अच्छा व्यक्तित्व न केवल व्यक्ति को सफलता की ओर ले जाता है, बल्कि उसे एक जिम्मेदार नागरिक बनने में भी सहायता करता है। प्रत्येक विद्यार्थी को अपने भीतर छिपी प्रतिभा को पहचानकर जीवन में आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। अंत में उन्होंने कहा कि व्यक्तित्व विकास से व्यक्ति का विकास होता है, व्यक्ति के विकास से समाज का विकास होता है और समाज के विकास से राष्ट्र का निर्माण होता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र चौधरी ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभाओं को पहचानना, उनकी कल्पनाशक्ति को विकसित करना और उनमें आत्मविश्वास का संचार करना भी है। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को अपनी अभिरुचि एवं कौशल प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करती हैं कार्यक्रम में रामचंडी महाविद्यालय से प्रदीप बारिक सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। अतिथियों ने विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि कला विचारों, भावनाओं और कल्पनाओं को अभिव्यक्त करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया। ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन, सृजनात्मक सोच और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती हैं। विशेष रूप से भावी शिक्षकों के लिए रचनात्मकता आवश्यक है, क्योंकि इससे शिक्षण को अधिक रोचक और प्रभावी बनाया जा सकता है। प्रतियोगिता के परिणामों में मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम अमीषा भोई रामचंडी महाविद्यालय सरायपाली तथा द्वितीय निकिता प्रधान डीएलएड रही। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम भारत देवांगन तथा द्वितीय फलक बरिहा रहे। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न (मोमेंटो) प्रदान कर सम्मानित किया गया।

9 स्थानों पर जलापूर्ति सामग्री की चोरी की घटनाओं पर नगर पालिका सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



नगर पालिका क्षेत्र में जलापूर्ति व्यवस्था से संबंधित सामग्री की चोरी की लगातार सामने आ रही घटनाओं को नगर पालिका प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। नगर के 9 अलग-अलग स्थानों पर जलापूर्ति से संबंधित सामग्री चोरी होने की घटनाओं के संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा द्वारा थाना प्रभारी को पत्र प्रेषित कर प्राथमिकी दर्ज कर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई किए जाने का अनुरोध किया है। प्रकरण की गंभीरता एवं वरिष्ठ अधिकारियों की जानकारी में रखने के उद्देश्य से थाना प्रभारी को प्रेषित पत्र की सूचनार्थ प्रतिलिपि नगर पालिका अध्यक्ष, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को भी प्रेषित की गई है।

सार्वजनिक संपति की चोरी बर्दाश्त नहीं: नपाध्यक्ष

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि जलापूर्ति व्यवस्था नगरवासियों से सीधे जुड़ी आवश्यक नागरिक सेवा है। जलापूर्ति के लिए स्थापित पाइप, वाल्व, केबल, मोटर एवं अन्य सामग्री नगर की सार्वजनिक संपत्ति है। इन सामग्रियों की चोरी से नगर पालिका को आर्थिक नुकसान होने के साथ-साथ जलापूर्ति व्यवस्था भी प्रभावित होती है, जिसका सीधा असर आम नागरिकों पर पड़ता है।

चोरी से जलापूर्ति व्यवस्था प्रभावित होती है: जल प्रभारी

नगर पालिका के जल प्रभारी दुर्गेश कुंजेकार ने बताया कि नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जलापूर्ति व्यवस्था को संचालित करने के लिए आवश्यक पाइपलाइन, वाल्व, केबल, मोटर एवं अन्य उपकरण स्थापित किए गए हैं। इन सामग्रियों की चोरी होने पर संबंधित क्षेत्र की जलापूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में कठिनाई होती है तथा नगर पालिका को अतिरिक्त मरम्मत एवं प्रतिस्थापन व्यय भी करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि 9 स्थानों पर जलापूर्ति संबंधी सामग्री की चोरी की घटनाएं संज्ञान में आने के बाद प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्रवाई की गई है।

शहर की सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने नगर पालिका अध्यक्ष ने ली बैठक, दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने पालिका कार्यालय में सफाई विभाग की बैठक लेकर शहर की साफ सफाई व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में सफाई प्रभारी सहित सफाई विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। अध्यक्ष साहू ने शहर में नियमित सफाई सुनिश्चित करने और स्वच्छता बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि शहर की स्वच्छता नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। सभी वार्डों में प्रतिदिन समय पर कचरा संग्रहण और नालियों की सफाई अनिवार्य रूप से की जाए। कहीं भी कचरे के ढेर या जलभराव की स्थिति नहीं बननी चाहिए। सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति और उनके कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। जहां स्टाफ की कमी है वहां तत्काल व्यवस्था की जाए। नपाध्यक्ष ने कहा कि त्योहारी सीजन और आगामी कार्यक्रमों को देखते हुए बाजार क्षेत्र, मुख्य मार्गों, धार्मिक स्थलों और स्कूल के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाए और कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालने के लिए प्रेरित किया जाए। सफाई में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में कर्मचारियों ने अपनी समस्याएं भी रखीं जिनके निराकरण के लिए अध्यक्ष ने आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ शहर ही स्वस्थ शहर की पहचान है और सभी के सहयोग से महासमुंद को स्वच्छता में आदर्श नगर बनाना है।

शारदीय क्वांर नवरात्र पर्व आज से, देवी मंदिरों व पंडालों में जलेगी आस्था की ज्योत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

शक्ति की आराधना का महापर्व शारदीय क्वांर नवरात्र आज 11 अक्टूबर रविवार से प्रारंभ हो रहा है। पर्व को लेकर अंचल में उत्साह और उमंग का माहौल देखा जा रहा है। रविवार से घरों, देवी मंदिरों और सार्वजनिक पंडालों में माता की आराधना के साथ आस्था की अखंड ज्योत प्रज्वलित की जाएगी। क्षेत्र के ग्राम पंडरीपानी के पर्वतीय पाठ पहाड़ी पर स्थित निर्माणाधीन मां वैष्णोदेवी मंदिर और नर्रा के शांकभरी मंदिर में नवरात्र पर्व को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों की सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति के पंडालों में भी माँ दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी और मनोकामना के लिए ज्योत जलाई जाएगी। मुहुर्त पर दोपहर शाम तक घटस्थापना स्थापना के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा विराजित की जाएगी। जगह-जगह माता के जयकारों और पारंपरिक जसगीतों से पूरा अंचल भक्तिमय वातावरण रहेगा। मंदिरों और पंडालों को आकर्षक झालर लाइट इत्यादि से सजाया गया है।

बोकरामुडा खुर्द में 5-6 दिन से तेंदुए की दहशत, हनुमान मंदिर के पास रोज दिख रहा तेंदुआ

महासमुंद। जिले के बागबाहरा विकासखंड के बोकरामुडा खुर्द गांव में पिछले 4 से 5 दिनों से लगातार तेंदुआ दिखाई दे रहा है। गांव के हनुमान मंदिर के सामने रोज तेंदुआ देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है और आने-जाने वाले लोग भयभीत है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी है। सूचना के बाद वन परिक्षेत्र अधिकारी बागबाहरा ने टीम के साथ क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी है और आसपास के सभी गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क किया है। वन विभाग ने जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से अपील की है कि अनावश्यक रूप से जंगल की ओर न जाएं, अपने बच्चों और मवेशियों को सुरक्षित रखें और शाम के समय अकेले बाहर न निकलें साथ ही कहा गया है कि यदि कहीं भी वन्य जीव दिखाई देता है तो तुरंत वन विभाग को सूचित करें। फिलहाल, वन विभाग की टीम क्षेत्र में गश्त कर रही है और तेंदुए की गतिविधि पर नजर रखी जा रही है।

नवरात्र पर अनेक जगह होंगे कवि सम्मेलन

महासमुंद। नवरात्रि पर विभिन्न मांचों पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। 14 अक्टूबर को ग्राम पांडुका राजिम एवं 16 अक्टूबर को ग्राम सिर्री फिंगेश्वर में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेशभर के साहित्यकार जुटेंगे। उक्त जानकारी साहित्यकार रामशरण चंद्राकर ने दी है।

शिक्षा के अधिकार कानून पर हुई एक दिवसीय कार्यशाला

शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व सदस्यों का क्षमतावर्धन कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

श्रीजन कल्याण समाज सेवी संस्था के हेमलता राजपूत ने बताया कि शहर एक होटल में शिक्षा के अधिकार विषय पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व सदस्यों का क्षमतावर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें 10 गांवों से 40 सदस्य उपस्थित थे, जिसका मुख्य उद्देश्य सरकारी स्कूलों को बेहतर चलाने के लिये उन्हें इस कानून के तहत बनाई गई नियमावली के बेहतर क्रियान्वयन के लिये उन्हें जानकारी देकर तैयार करना रहा। ताकि, 6 से 14 वर्षों के बच्चों को अनिवार्य शिक्षा के साथ अच्छा वातावरण मिले।

कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य मास्टर ट्रेनर और सा मा जि क कार्यकर्ता सुरेश शुक्ला द्वारा बताया गया कि यह समिति स्कूल और समाज के बीच एक पुल है, उससे यह सुनिश्चित होता है कि स्कूल केवल प्रधान पाठक या शिक्षकों का नहीं बल्कि पूरे गांव समुदाय का है, माता पिता पालक के भागीदारी से पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ती है इसलिये हमारा कर्तव्य भी हमें नहीं



घुलना चाहिए और हमें अपने गांव के शाला के लिये हमें बहुत सारी बातों का ध्यान रखना चाहिए, जैसे समिति का निरंतर तय माह में बैठक करना, स्कूल की निगरानी करना, स्कूल के लिये योजना बनाना, पैसे का सही उपयोग करना, ड्रॉपआउट बच्चों को शाला से जोड़ना, पालक सेबातचीत करना आदि शामिल है, दूसरे वक्ता के रुप में समग्र शिक्षा जिला परियोजना विभाग महासमुंद से भोजराम मिर्धा और अजय कुमार भोई द्वारा विभाग द्वारा चलायी जा रही योजना का क्रियान्वयन कराना, जिसमें गणवेश माध्यान्ह भोजन, पुस्तक भवन शौचालय सभी स्कूलों का व्यवस्था करवाना आदि शामिल है। साथ ही ड्राफ्ट आऊट बच्चों के लिए वैकल्पिक शाला व्यवस्था सर्वे करना आदि शामिल है, जानकारी दी गई।

अंतिम वक्ता के रुप में गुंज छत्तीसगढ़ प्रमुख प्रहलाद पटेल द्वारा गूंज के स्कूल टू स्कूल कार्यक्रम में पालक और बच्चों के साथ की जाने वाली गतिविधि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया कि हम और स्थानीय संस्था मिलकर बच्चों को अच्छी आदतें और पालक द्वारा स्कूल परिसर में श्रमदान कर, स्कूल वातावरण को अच्छा बनाने में जो योगदान दिया जा रहा है, वह अपने आप में महत्वपूर्ण कड़ी है, जिसे हमें जन जन तक ले जाना है। कार्यक्रम का संचालन मनोज देवांगन द्वारा किया गया और संस्था के क्षेत्रीय कार्यकर्ता विष्णुप्रिया ठाकुर, राजेश बिना एवं टीम ने सहयोग प्रदान किया।

अग्रसेन जयंती पर आज निकलेगी शोभायात्रा, बाइक रैली के साथ मशाल दौड़ और चौथी पीढ़ी के सम्मान का कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

अग्रवाल सभा द्वारा अग्रसेन जयंती

- 11 को सभा एवं पुरस्कार वितरण, समाज में उत्साह

महोत्सव अग्र कुंज सरायपाली में मनाया जाएगा। मुख्य अतिथि त्रिलोक बंसल एसपी बेमेतरा एवं अध्यक्षता महावीर अग्रवाल के सानिध्य में कार्यक्रम होगा। इस दौरान ध्वजारोहण, मशाल दौड़, पूजा-अर्चना, चौथी पीढ़ी का सम्मान, बाइक रैली, शोभायात्रा, सभा एवं पुरस्कार वितरण सहित कई कार्यक्रम होंगे। महोत्सव को लेकर अग्रवाल समाज में उत्साह है। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 7:55 बजे अग्रवाल सभा अध्यक्ष अजय अग्रवाल के हाथों ध्वजारोहण से होगी। सुबह 8:20 बजे अग्रवाल नवयुवक संघ अध्यक्ष प्रथम अग्रवाल के नेतृत्व में मशाल दौड़ निकाली जाएगी। सुबह 8:55 बजे अग्रसेन महाराज की पूजा कैलाश चंद्र अग्रवाल, विजय अग्रवाल एवं अयोध्या प्रसाद अग्रवाल के नेतृत्व में होगी। इसके बाद सुबह 9:55 बजे अग्रसेन चौक में अग्रवाल सभा के सचिव सेवा शंकर अग्रवाल द्वारा पूजा-अर्चना की जाएगी। सुबह 10 बजे चौथी पीढ़ी का सम्मान राधेश्याम अग्रवाल एवं कैलाश अग्रवाल के नेतृत्व में सम्मान कार्यक्रम होगा। इसके बाद सुबह 10:30 बजे अग्रवाल नवयुवक संघ की ओर से बाइक रैली निकाली जाएगी। दोपहर 3:30 बजे अग्रवाल सभा के नेतृत्व में शोभायात्रा निकलेगी। अग्रवाल धर्मशाला में दोपहर 3 से 4 बजे तक स्वल्पाहार की व्यवस्था रहेगी। महोत्सव के तहत 11 अक्टूबर को शाम 7 बजे सभा एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम होगा। वहीं, रात 8 से 10 बजे तक अग्रकुंज, सरायपाली में अग्रसेन महाराज का भंडारा आयोजित किया जाएगा। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष अजय अग्रवाल, महिला मंडल अध्यक्ष कुसुम अग्रवाल, नवयुवक संघ के अध्यक्ष प्रथम अग्रवाल ने समाज के सभी लोगों से महोत्सव में भागीदारी की अपील की है। साथ ही अग्रसेन जयंती के दिन समाज के सभी प्रतिष्ठान बंद रखने और शाम को अपने घरों के सामने दीप जलाने का आग्रह किया है।



तापमान

अधिकतम 33.2 डिग्री

न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि

महासमुंद भूमि

रायपुर, रविवार 11 अक्टूबर 2026

02 प्रतिभा कॉलेज में नवरात्रि स्पेशल मेहंदी एवं पेंटिंग...



02 शहर की सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने नगर...



नवरात्रि विशेष



प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।
वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।

रोप-वे बंद, 839 सीढ़ियां चढ़कर श्रद्धालु पाएंगे मां खल्लारी के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

आस्था, श्रद्धा और भक्ति के पावन ऐतिहासिक केंद्र राजरानी माता खल्लारी के दरबार में आज से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगेगी। माता के दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए दूर-दराज के गांवों एवं विभिन्न क्षेत्रों से भक्त बड़ी संख्या में पहुंचेंगे। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण के बीच 'जय माता दी' के जयकारे गूंजेंगे।

माता खल्लारी के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का प्रमुख प्रतीक मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलन है। नीचे माता राउर के दरबार में तथा ऊपर पहाड़ी पर मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित की जाएंगी। इन पवित्र ज्योतों की लौ के साथ श्रद्धालु अपने परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली, उत्तम स्वास्थ्य और मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए माता रानी से प्रार्थना करेंगे। खल्लारी माता मंदिर ट्रस्ट कमेटी के सचिव तोषराम साहू ने बताया कि माता के दरबार में श्रद्धालुओं की गहरी आस्था है।

भक्त पूरे विश्वास और श्रद्धाभाव से माता के दर्शन करने, नारियल-चुनरी अर्पित करने तथा मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित कराने पहुंचते हैं। मान्यता है कि माता के दरबार में सच्चे मन से की गई प्रार्थना भक्तों को आत्मिक शांति और नई ऊर्जा प्रदान करती है।

माता खल्लारी का दरबार भक्तों के लिए केवल पूजा-अर्चना का स्थान नहीं, बल्कि विश्वास, भक्ति और आध्यात्मिक चेतना का पावन केंद्र है। पहाड़ी पर जगमगाती मनोकामना ज्योत और माता के जयकारों से वातावरण भक्तिरस में सराबोर रहेगा।



800 सीढ़ियां चढ़कर करने होंगे माता के दर्शन

इस बार श्रद्धालुओं को माता रानी के दर्शन के लिए करीब 839 सीढ़ियां चढ़कर पहाड़ी पर पहुंचना होगा। रोपवे हादसे के बाद सरकार द्वारा रोपवे संचालन पर अनिश्चित समय के लिए रोक लगा दी गई है।



समस्या : वाहनों के गुजरते ही सड़क से उठता है धूल का गुबार, राहगीर हो रहे बीमार

समय सीमा समाप्त, नहीं हो पाया सड़क चौड़ीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला मुख्यालय से तुमगांव तक की तकरीबन 9.65 किलोमीटर सड़क चौड़ीकरण का काम निर्धारित समय सीमा खत्म होने के करीब पांच महीने बाद भी पूरा नहीं हो पाया है। करीब 25 करोड़ रुपये की लागत से बन रही इस सड़क का ठेका लगभग 19.86 करोड़ रुपये में रायपुर की मेसर्स जेडी कंस्ट्रक्शन को दिया गया था। निर्माण कार्य मई 2026 तक पूरा किया जाना था। लेकिन, अक्टूबर तक स्थिति यह है कि करीब 6 किलोमीटर हिस्से में ही एक कोट डामरीकरण हो पाया है, जबकि करीब 3 किलोमीटर सड़क गिट्टी डालकर छोड़ दी गई है।

नतीजतन इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों, राहगीरों और सड़क किनारे कारोबार करने वाले लोगों की परेशानी लगातार बढ़ रही है। लोक निर्माण विभाग के अनुसार महासमुंद-तुमगांव मार्ग के चौड़ीकरण के लिए शासन ने 25 करोड़ रुपये स्वीकृत किया था। विभाग ने मई 2025 में कार्यादेश जारी कर मई 2026 तक काम पूरा करने की समय सीमा तय की थी। समय सीमा बीतने के बाद भी एकता चौक से बेमचा गांव के बीच करीब 3 किलोमीटर हिस्से में डामरीकरण का काम अटका हुआ है। अधूरे हिस्से में सड़क पर गिट्टी डालकर काम रोक दिए जाने से इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को रोजाना परेशानी उठानी पड़ रही है। बड़े वाहनों के गुजरते ही सड़क से धूल का गुबार उठता है। धूल के



कारण दोपहिया वाहन चालकों की परेशानी बढ़ जाती है और कई बार सामने का रास्ता तक स्पष्ट दिखाई नहीं देता। सड़क पर बिखरी गिट्टियां उछलने से बाइक और साइकिल सवारों के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा भी बना हुआ है। सड़क किनारे दुकान संचालित करने वाले लोगों की परेशानी इससे भी अधिक है। दुकानदारों का कहना है कि दिनभर उड़ने वाली धूल दुकानों और सामान पर जम रही है, जिससे कारोबार प्रभावित हो रहा है। वहीं लगातार धूल के संपर्क में रहने से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

विभागीय अफसरों की मानें तो बरसात के बाद अब काम में तेजी आएगी। जहाँ डामरीकरण नहीं हुआ है वहां समय- समय पर पानी का छिड़काव करने ठेकेदार को कहा है, जिससे लोगों को धूल से राहत मिले। डामर के दाम बढ़ने से निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है। ठेकेदार से बातचीत की है और ठेकेदार ने दिसंबर 2026 तक सड़क निर्माण पूरा करने की बात कही है।

जनता पूछ रही-कब पूरी होगी सड़क?

यह मार्ग महासमुंद और तुमगांव के बीच आवागमन का महत्वपूर्ण रास्ता है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में छोटे-बड़े वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं। ऐसे में लंबे समय से चल रहा निर्माण कार्य अब लोगों के लिए सुविधा के बजाय परेशानी का कारण बनता जा रहा है। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने सड़क का काम जल्द पूरा कराने के साथ ही अधूरे हिस्से में धूल और गिट्टी से राहत के लिए तत्काल आवश्यक व्यवस्था करने की मांग की है।

ढाबा में मारपीट

महासमुंद। ढाबा में एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में बसना थाने में आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। बसना निवासी पुरुषोत्तम अग्रवाल 10 अक्टूबर की रात करीबन 1 बजे अपने गौरी लक्ष्मी ढाबा में बैठा था, उसी समय बरगांव निवासी साहिल कुमार एवं उसके साथी खेमड़ा निवासी रूपेश सेंदरिया ढाबा के पास आये और ढाबा में काम करने वाले राज चौहान को चिल्लाकर सिगरेट मांगने लगे, तब उसने उनको क्यों चिल्ला रहे हो कहा। इस पर दोनों गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने लगे। इस दौरान साहिल कुमार ढाबा में रखे कुर्सियों एवं बर्तनों को इधर-उधर फेंककर तोड़फोड़ करने लगा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 324(2), 351(3) बीएनएस के अंतर्गत जुर्म दर्ज किया गया है।

खबर संक्षेप

आइसक्रीम मांगने पर मारपीट आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

महासमुंद। आइसक्रीम मांगने पर एक युवक के साथ तीन लोगों ने मारपीट कर दी। पुलिस को ग्राम परसकोल निवासी सचिन भोई ने बताया कि 08 अक्टूबर की शाम करीबन 07 बजे वह अपने दोस्त सुजीत प्रधान के साथ गुलशन किराना दुकान गया और गुलशन से आइसक्रीम मांगा, इस पर गुलशन गुस्से में आकर मैं थक गया हूं, अभी नही दे पाउंगा कहते हुए विवाद करने लगा। इसी दौरान अरूण खम्हारी एवं बनमाली खम्हारी ने भी वहां आकर उसके साथ एक राय होकर गाली गलौच कर मारपीट किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

महिला के साथ गाली गलौज, जुर्म दर्ज

महासमुंद। महिला के साथ गाली गलौज करने वाले आरोपी के विरूद्ध पटेवा थाना में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को बावनकेरा निवासी शाहीन खान ने बताया कि उसने शमीम खान के साथ अंतरजातीय विवाह किया है, इसी बात को लेकर उसका जेठ मजीद खान हमेशा गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देता रहता है । 09 अक्टूबर को भी उसके जेठ ने गाली गलौच किया। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किय गया है।

सीटी स्कैन के लिए मरीजों को खर्च करनी पड़ रही भारी भरकम राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल में पहुंच रहे मरीजों को यहां के चिकित्सक सीटी स्कैन और एक्स-रे जैसी जांच लिख तो रहे हैं, लेकिन सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने से मरीजों को निजी सेंटर का सहारा लेना पड़ रहा है। गंभीर मामलों में स्थिति और कठिन हो जाती है। सिर में चोट या दुर्घटना के मरीजों को सीटी स्कैन के लिए रायपुर तक भेजना पड़ रहा है। 128 स्लाइस सीटी स्कैन मशीन की मांग को छह साल बीत चुके हैं, लेकिन खरीदी की प्रक्रिया अब तक कागजों से आगे नहीं बढ़ सकी है।

मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल में अत्याधुनिक सीटी स्कैन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए लंबे समय से कवायद चल रही है। अस्पताल के लिए 128 स्लाइस सीटी स्कैन मशीन खरीदी जानी है। इसके लिए सीजीएमएससी के माध्यम से प्रक्रिया पूरी की जानी है। हालांकि, छह साल गुजरने के बाद भी मशीन अस्पताल में स्थापित नहीं हो सकी है। कुछ समय पहले संबंधित स्तर पर मशीन जल्द उपलब्ध होने की जानकारी दी गई थी। अस्पताल में एक्स-रे सुविधा को लेकर भी समस्या बनी हुई है। पुरानी मशीन के प्रिंटर में तकनीकी खामियां आने के बाद नई एक्स-रे मशीन की मांग की गई थी। नई मशीन की खरीदी की प्रक्रिया भी सीजीएमएससी के माध्यम से चल रही है।

450-500 मरीज रोज पहुंच रहे अस्पताल

मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन करीब 450 से 500 मरीज पहुंचते हैं। इनमें महासमुंद शहर के अलावा जिले के ग्रामीण और दूरस्थ इलाकों से आने वाले लोग भी शामिल हैं। कई मरीज आर्थिक रूप से कमजोर



परिवारों से होते हैं और सरकारी अस्पताल में कम खर्च में इलाज की उम्मीद लेकर पहुंचते हैं। लेकिन जब चिकित्सक सीटी स्कैन जैसी जांच की सलाह देते हैं तो उन्हें अस्पताल परिसर के बाहर जाना पड़ता है। निजी केंद्र में जांच कराने के बाद रिपोर्ट लेकर दोबारा अस्पताल पहुंचना पड़ता है। इस पूरी प्रक्रिया में आने-जाने का खर्च, जांच शुल्क और समय तीनों बढ़ जाते हैं। दूरस्थ क्षेत्र से आए मरीजों के लिए यह परेशानी और बड़ी हो जाती है। उन्हें कई बार एक ही दिन में अलग-अलग स्थानों पर जाना पड़ता है। गंभीर मरीज के साथ परिजन होने के कारण अतिरिक्त खर्च भी बढ़ता है।

गंभीर मरीज परेशान

सड़क दुर्घटना या सिर में गंभीर चोट के मामलों में चिकित्सक को तत्काल सीटी स्कैन की जरूरत पड़ सकती है। ऐसी स्थिति में समय बेहद महत्वपूर्ण होता है। अस्पताल में सीटी स्कैन उपलब्ध नहीं होने के कारण मरीज को जांच के लिए रायपुर भेजना पड़ता है। मरीज को दूसरे शहर ले जाने में समय और संसाधन दोनों लगते हैं। साथ ही परिजनों को भी उपचार की चिंता के बीच व्यवस्था करनी पड़ती है।

मरीज किए जा रहे रेफर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल पर जिले के बड़ी संख्या में मरीज निर्भर हैं। ऐसे में इलाज के साथ आवश्यक जांच की सुविधाएं भी अस्पताल में उपलब्ध होना जरूरी है। खासकर आपातकालीन स्थिति में सीटी स्कैन जैसी जांच के लिए दूसरे शहर भेजना मरीजों के लिए चुनौतीपूर्ण होता है। छह साल से लंबित मशीन की खरीदी अब मरीजों के लिए इंतजार का विषय बन चुकी है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक बसंत माहेश्वरी ने बताया कि सीटी स्कैन मशीन की खरीदी सीजीएमएससी के माध्यम से की जाएगी।

गांजा जब्ती मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

महासमुंद। गांजा जब्ती के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। बता दें कि पूर्व में 47.300 किलो गांजा जब्ती के मामले में दो नाबालिग सहित पांच लोग गिरफ्तार किए गए थे। इस मामले में कोमाखान थाना में जुर्म दर्ज किया गया था। पुलिस ने बताया कि एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी, परिवहन तथा बिक्री एवं इंड टू इंड इन्वेस्टिगेशन, फायनेशियल इन्वेस्टिगेशन पर प्रभावी एवं विधिवत कार्रवाई करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। जिसके तहत पुलिस लगातार कार्रवाई की जा रही है। थाना कोमाखान के अपराध क्रमांक अप.क्र. 52/2026 धारा 20(बी)(II)(सी) एनडीपीएस एक्ट के मामले में दिनांक 19.04.2026 को मुखबिर सूचना पर एक सफेद रंग की अशोक लीलैंड ट्रक क्रमांक सीजी 04 क्यू एस 4806 में चार लोग अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा लेकर ओडिशा से छत्तीसगढ की ओर आ रहे थे, जिन्हें नाकाबंदी कर गवाहों के समक्ष ट्रक की तलाशी लेने के पर कुल 47.300 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा भरा हुआ (कीमत 23,65,000 रुपए) की तस्करी करते हुए पाया गया। जिस पर ट्रक चालक मोहम्मद मिराज पिता रहमत अली (25 साल) निवासी वार्ड नं.13 देवनपडा टिटलागढ थाना टिटलागढ जिला बलांगीर (ओडिसा), रोहित पोंड पिता नीलांचल पोंड (21 साल) निवासी वार्ड नं. 07 जगन्नाथपडा टिटलागढ़ थाना टिटलागढ जिला बलांगीर (ओडिसा) एवं दो विधि से संघर्षरत बालक के विरूद्ध एनडीपीएस एक्टए पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों से मिली जानकारी एवं जब्त मोबाईल फोन की तकनीकी जांच पश्चात संकलित डाटा की मदद से, उक्त गांजे की खेप को मंगाने वाला (डेस्टिनेशन पॉइंट्स) मुंगेली निवासी आरोपी दीपक साहू को 19.04.2026 को गिरफ्तार किया गया। मामले की गहन विवेचना करते हुए गांजा उपलब्ध कराने वाले (बैकवर्ड लिंक) की पूरी जानकारी हासिल करने के बाद महासमुंद पुलिस द्वारा ओडिशा राज्य के एम रामपुर में दबिश देकर आरोपी खिरोज नायक पिता कामफला (23 साल) निवासी केरांडी खुटी थाना नारला जिला कालाहांडी को मोबाईल लोकेशन के आधार पर पकड़ा गया। जिसे पुलिस रिमांड पर जेल भेजा गया है।



खबर संक्षेप



175 मरीजों को निःशुल्क दवाई के साथ दिया गया मनो-सामाजिक परामर्श

महासमुंद। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय महासमुन्द में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 10 अक्टूबर 2026 को रजत जयंती वर्ष मनाया जा रहा है। इस वर्ष का थीम निजी अनुभवों को सुना गयाः असली आवाजें, असली बदलाव। कार्यशाला में टिकेश्वरी गिरी गोस्वामी, सायकेट्रिक सोशल वर्कर रामगोपाल खुंटे, खोमन लाल साहू सीनियर नर्सिंग ऑफिसर, कम्यूनिटी नर्स जागृती साहू, टेकलाल नायक, देवकुमार डड़सेना, देवेंद्र कुमार साहू आदि मौजूद रहे।



लोहिया चौक में दुर्गा उत्सव बना आकर्षण का केंद्र

महासमुंद। शहर के हृदय स्थल लोहिया चौक में दुग्ध विक्रेता संघ यादव समाज द्वारा आयोजित दुर्गा उत्सव इस वर्ष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। समिति द्वारा इस वर्ष पंडाल को फूलों और मोतियों से भव्य रूप से सजाया गया है। मुख्य आकर्षण मातारानी की झांकी है, जिसमें मातारानी गद्दी में विराजमान हैं, स्वयं भोलेनाथ शंकर भगवान उनके हाथों में मेहंदी लगा रहे हैं। मातारानी की दो सहेलियां उन्हें चंवर डुला कर हवा दे रही हैं, वहीं मातारानी का प्रिय शेर उनकी रखवाली में बैठा है। यह अलौकिक और पारिवारिक झांकी देखने के लिए श्रद्धालु बहुत ज्यादा उत्साहिक है। समिति के अध्यक्ष/सदस्यों ने बताया कि यह झांकी शिव-पार्वती के प्रेम और अटूट बंधन को दर्शाती है। लोहिया चौक समिति ने सभी नगरवासियों से दर्शन के लिए आने की अपील की है।



गायिका कंचन जोशी को पुस्तक जीवन दर्पण भेंट

पिथौरा। दृष्टिहीन छात्र भूपेंद्र (एमए) के संघर्ष, हौसले और कामयाबी को रेखांकित करने वाली प्रकाशित पुस्तक जीवन दर्पण छत्तीसगढ़ की मशहूर गायिका कंचन जोशी को लेखक हेमंत खुटे ने भेंट की। पुस्तक की विषयवस्तु से प्रभावित कंचन जोशी ने भूपेंद्र की उपलब्धि को प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि शारीरिक चुनौतियां कभी भी सफलता की राह में बाधा नहीं बन सकतीं। उन्होंने इस प्रेरक प्रसंग को समाज के लिए संदेशवाहक बताते हुए लेखक हेमंत खुटे की पहल की सराहना की।

राजनीतिक द्वेषवश कार्रवाई करने का लगाया आरोप, कलेक्टर से और थाने में की शिकायत

कोर्ट के स्टे आदेश के बाद भी मकान की बाउंड्री तोड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पद के दुरुपयोग और राजनीतिक द्वेषवश एवं समाजिक द्वेष पूर्ण व्यहार करते हुए अनैतिक और वैधानिक तरीके से तोड़फोड़ कराने के गंभीर आरोप लगाते हुए भाजपा शहर मंडल कोषाध्यक्ष हिमांशु चंद्राकर ने कलेक्टर और पुलिस में अलग-अलग शिकायत दर्ज कराई है।

क्या है पूरा मामला?

शिकायतकर्ता के अनुसार उनके पैतृक आवास के सामने सुरक्षा की दृष्टि से 20-25 वर्ष पुराना अहाता (बाउंड्रीवाल) और सीढ़ी बनी हुई है। 2006-07 में नगर पालिका ने इसे हटाने का नोटिस दिया था, जिस पर न्यायालयीन कार्रवाई हुई और फैसला चंद्राकर परिवार के पक्ष में आया था, जिसके बाद कार्रवाई पर रोक लगी हुई थी। शिकायत में आरोप है कि नगर पालिका अध्यक्ष चुनाव 2025 में निखिलकांत साहू द्वारा अध्यक्ष बनने के बाद 06 जनवरी को फिर से नोटिस जारी करवाया गया। पीड़ित ने कोर्ट के आदेश की प्रति प्रस्तुत की तो तत्कालीन सीएओ ने कार्रवाई पर विराम लगा दिया। बिना नोटिस जेसीबी से स्वयं मौजूद होकर नपा अध्यक्ष निखिलकांत द्वारा तोड़फोड़ कराया।



पीड़ित श्रवण चंद्राकर का आरोप है कि 06 अक्टूबर को दोपहर 01:10 बजे बिना किसी पूर्व सूचना और सक्षम आदेश के नगर पालिका अध्यक्ष स्वयं प्लेसमेंट कर्मचारी यशवंत ठाकुर और जेसीबी चालक मधु के साथ उनके घर आए और बलपूर्वक बाउंड्री को तोड़ दिया। विरोध करने पर कोर्ट का आदेश दिखाने के बाद भी अध्यक्ष द्वारा कार्रवाई नही रोकी गई। तोड़फोड़ से 77 वर्षीय बीपी-शुगर के मरीज श्रवण चंद्राकर की शारीरिक, मानसिक क्षति का दावा किया है, वहीं उनके पुत्र हिमांशु ने 07 अक्टूबर को हुई दूसरी कार्रवाई में लगभग 3 लाख रुपये के नुकसान का आरोप लगाया है।

यह मांग की गई है?

श्रवण चंद्राकर ने सुप्रीम कोर्ट के ललिता कुमारी बनाम उत्तर प्रदेश सरकार के न्यायदृष्टांत का हवाला देते हुए अध्यक्ष निखिलकांत साहू के साथ आये प्लेसमेंट कर्मचारियों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। हिमांशु चंद्राकर ने कलेक्टर से मांग की है कि नगर पालिका की मूल फाइल, नोटशीट, आदेश और कार्यादेश की जांच के लिए अन्य विभागों के तकनीकी अधिकारियों की समिति बनाई जाए और क्षति का आकलन कर क्षतिपूर्ति दिलाई जाए। पीड़ितों का कहना है कि सीएमओ और अन्य अधिकारियों ने इस कार्रवाई से अनभिज्ञता जाहिर की है, जिससे आशंका है कि यह कार्रवाई बिना विभागीय प्रक्रिया और कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति से की गई। फिलहाल शिकायत की प्रति कलेक्टर कार्यालय और पुलिस को दे दी गई है।

कार्यक्रम : बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस, भाषण व डांस प्रतियोगिता का आयोजन

रॉयल किड्स स्कूल की अनूठी पहल, एक दिन पूर्व मनाई गई अग्रसेन जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

रॉयल किड्स स्कूल नयापारा खुर्द में एक दिन पूर्व महाराजा अग्रसेन जी की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन ने वृहद स्तर पर तैयारी की गई थी। कार्यक्रम के अतिथि क्षमा गोयल जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा, नर्मदा अग्रवाल, सत्यनारायण अग्रवाल अध्यक्ष भारत स्काउट गाइड, राजेश गोयल अध्यक्ष कपडा व्यापारी संघ, पत्रकार नंदकिशोर अग्रवाल, रैदास गोयल थे।

सर्वप्रथम सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा खाटू श्याम महाराज अग्रसेन महाराज के छाया चित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अतिथियों एवं स्कूल के सभी बच्चों ने एक मुट्ठी चावल व एक सिक्का दान किया। इसके पश्चात बच्चों के



द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, भाषण,डांस एवं भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें मोक्ष साहू ने प्रथम, रेणुका सेन ने द्वितीय एवं अनाइशा अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं 15 बच्चों को सांत्वना पुरस्कार अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया।

इस अवसर पर अतिथि क्षमा गोयल ने बच्चों के कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए इस आयोजन के लिए रॉयल किड्स स्कूल परिवार को धन्यवाद देते हुए कहा कि छोटे-छोटे प्यारे बच्चे कितने अनुशासित ढंग से शांत होकर इस कार्यक्रम को देख रहे हैं।

कार्यक्रम के अतिथि सत्यनारायण अग्रवाल ने सभी बच्चों की उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह छोटे बच्चे कल के हमारे देश के भविष्य हैं इन्हें हमेशा आगे बढ़ना चाहिए।उद्बोधन की कड़ी को आगे बढ़ते हुवे नंदकिशोर अग्रवाल जी ने रॉयल किड्स स्कूल परिवार को इस आयोजन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि आज रॉयल किड्स स्कूल ने अग्रसेन जयंती के कार्यक्रम का आयोजन कर एक नई मिशाल पेश की है।आज के कार्यक्रम से नन्हे बच्चों को निश्चित ही नए संस्कार मिलेंगे।आगे महाराजा अग्रसेन पर प्रकाश डालते हुए कहा वे युग प्रवर्तक थे। इनसे हम निरंतर सहयोग, प्राणी मात्र पर दया, और उदारता की शिक्षा लेते हैं। इस कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चे फैंसी ड्रेस में बहुत ही आकर्षक लग रहे हैं। इस अवसर पर एक बच्ची के डांस पर प्रसन्न होकर अपना पेन उपहार दिए।

तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन पर स्कूल की डायरेक्टर सुरेखा अवस्थी को बधाई तथा धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में इस संस्था की डायरेक्टर सुरेखा अवस्थी, प्राचार्य मोहम्मद सिराज, तरुण शर्मा, समीर पटेल, मनीष पटेल, स्वाति त्रिवेदी, तिलेश्वरी योगी, लीना पटेल, प्रियंका सेन, कविता ठाकुर, जसमीत कौर, विजय लक्ष्मी गुप्ता, भीगेश्वरी बंजारा, रश्मि दीवान, हिमाद्रि पटेल, रश्मिता प्रधान, किरण वास, अंजू पटेल रहे।

कार्यक्रम का संचालन दिलीप निषाद एवं मेघा गोस्वामी व आभार प्रदर्शन महिता साहू ने किया।

सेवा संकल्प अभियान के तहत परसुली स्कूल में न्योता भोजन का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला परसुली में न्योता भोज का आयोजन किया गया। मुख्यअतिथि जनपद सदस्य लोचन पटेल शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने शाला परिसर की साफ सफाई, शिक्षा के स्तर में सुधार तथा न्योता भोज के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष बल दिया गया और बच्चों को नियमित रूप से स्वच्छता बनाए रखने और पढ़ाई के साथ-साथ अपने परिवेश को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य लोचन पटेल, सांसद प्रतिनिधि परसुली परमेश्वर पटेल, युवा मोर्चा कोमाखान के महामंत्री देवेंद्र चक्रधारी, प्रधान पाठक चुनेश्वर पटेल, शिक्षक देवेंद्र पटेल, पूरन भारती, परमात्मा पटेल, गौरव पटेल आदि मौजूद रहे।

संस्कार पब्लिक स्कूल में गरबा उत्सव की धूम नन्हे-मुन्नों ने धारण किए नौ देवियों के स्वरूप

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

संस्कार पब्लिक स्कूल में नवरात्रि पर गरबा उत्सव का भव्य एवं भक्तिमय आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम विधि-विधान से मां दुर्गा की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यालय परिसर माता रानी के भजनों और जयकारों से गूँज उठा।



पूरा विद्यालय भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक इस पर्व को मनाया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्री-प्राइमरी कक्षाओं के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थी रहे, जो नौ देवियों के मनमोहक स्वरूपों में विद्यालय पहुँचे। कुछ बच्चे भगवान हनुमान के स्वरूप में भी दिखाई दिए। देवी-देवताओं के रूप में सजे बच्चों ने सभी का मन मोह लिया और भारतीय संस्कृति एवं धार्मिक परंपराओं की सुंदर झलक प्रस्तुत की।

इस अवसर पर विद्यार्थियों की रचनात्मकता और कलात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें नवरात्रि विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता, डांडिया सजावट प्रतियोगिता तथा देवी माँ के मुकुट निर्माण एवं सजावट प्रतियोगिता प्रमुख रहीं। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ इन गतिविधियों में भाग लिया और अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिताओं के साथ-साथ गरबा नृत्य का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने पारंपरिक उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। रंग-बिरंगे परिधानों, मधुर भजनों और गरबा की मनमोहक प्रस्तुतियों ने पूरे विद्यालय परिसर को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को नवरात्रि के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक महत्त्व से परिचित कराने के साथ-साथ भारतीय परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने का प्रयास किया गया।

कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय की समस्त शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा। सभी शिक्षिकाओं ने आपसी सहयोग, समर्पण और उत्साह के साथ आयोजन को सफल बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय की प्रधानाचार्या गुरप्रीत कौर के मार्गदर्शन में पूरा कार्यक्रम सफलतापूर्वक एवं हर्षोल्लास के साथ हुआ। विद्यालय में आयोजित इस गरिमामय आयोजन ने विद्यार्थियों में धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक चेतना, रचनात्मकता और सामूहिक सहभागिता की भावना को प्रोत्साहित किया। नवरात्रि के पावन पर्व पर आयोजित यह उत्सव सभी के लिए आनंद, श्रद्धा और उल्लास से परिपूर्ण यादगार अवसर बन गया।

विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान संघ का धरना-प्रदर्शन, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भारतीय किसान संघ महासमुंद में 8 अक्टूबर को 12 बजे पुराना मलेरिया ऑफिस के पास प्रांतीय प्रतिनिधि दुर्गापाल, जिला अध्यक्ष कुबेर गिरी गोस्वामी के नेतृत्व एवं धनंजय साहू के संचालन तथा बृजलाल साव के व्यवस्थापन में धरना प्रदर्शन किया गया।

सर्वप्रथम भगवान बलराम, भारत माता, संस्थापक दंतोपंत ठेगडे के तैल चित्र में पूजा अर्चना, उपस्थित सदस्यों के परिचय किसान संघ के अनेकों नारों से गूंजायमान करते हुए जिला अध्यक्ष कुबेर गिरी ने ज्ञापन पढ़कर सुनाया और विस्तार से समस्याओं की जानकारी दी, जिसमें भारतीय किसान संघ द्वारा गौवंदन योजना पर प्रस्ताव परित किया गया है उसे प्रदेश में लागू किया जाए, धान खरीदी की 2022-23 की किसानों की रूकी हुई 1700 रु करोड़ की राशि किसानों को तत्काल प्रदान की जाए।

खेतों की लागत लगातार बढ़ती जा रही है केंद्र सरकार ने प्रतिवर्ष धान के समर्थन मूल्य में वृद्धि की है, परंतु राज्य सरकार ने यह यह लाभ किसानों को हस्तानांतरित न करते हुए धान की खरीदी मूल्य में पिछले 3 वर्षों से कोई बदलाव नहीं किया। धान खरीदी 15 नवंबर से 15 फरवरी तक की जाए, हाल ही में आई बाढ़ के कारण पूरे प्रदेश में किसानों की फसल की भारी हानि हुई है, जिस



पर शासन तत्काल सर्वे कर किसानों की क्षतिपूर्ति की उचित व्यवस्था करें, धान खरीदी में टोकन व्यवस्था में सुधार किया जाए, बड़े किसानों को पांच टोकन एवं लघु एवं सीमांत किसानों को क्रमशः तीन वह दो टोकन दिया जाए, गन्ना फसल की मूल्य में 150 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की जाए, अरपा भैंसाझार जैसी अन्य सभी अधूरी सिंचाई परियोजनाओं में गति लाई जाए, विद्युत विभाग की निजीकरण पर रोक लगाई जाए, बाजार में अधिक मूल्य खाद विक्रय करने पर रोक लगाई जाए, भूमि अधिग्रहण में भारतीय किसान संघ के आयाम भारतीय एग्रो इकोनामिक रिसर्च सेंटर द्वारा केंद्र द्वारा जारी किए गए उदयपुर डिक्लेरेशन के अनुसार कार्य किया जाए, रबी में जल संरक्षण की दृष्टि से धान उत्पादन को हतोत्साहित करने के लिए और वैकल्पिक फसलों को बढ़ावा देने के लिए मक्के और गेहूं की भी खरीदी समर्थन पर की जाए। धरना धरना प्रदर्शन 2 बजे तक चला। पश्चात एक रैली कलेक्टर ऑफिस तक निकाली गई और ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम में दुर्गा पाल, कुबेर गिरी गोस्वामी, बृजलाल साव, धनंजय साहू, राजेंद्र वैष्णव, मयाराम साहू, घनश्याम साहू, रोशन साहू, शत्रुघ्न साहू हेमंत कश्यप, बंशीधर साव, कृष्ण कुमार साहू, युवराज साहू, संजय चंद्रकर, यशवंत चंद्राकर, पुरुषोत्तम साहू, अश्वनी साहू, रोमांतक गिरी आदि सैकड़ों की संख्या में अपस्थित थे।



निर्माणाधीन मकान तोड़ने, मारपीट के मामले में 14 लोगों के विरूद्ध मामला दर्ज

महासमुंद। ग्राम भठोरी में निर्माणधीन मकान तोड़कर एक व्यक्ति के साथ गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने के मामले में 14 लोगों के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। ग्राम भठोरी निवासी मनोज कुमार यादव पिता वंशराज यादव के निर्माणाधीन मकान तोड़ने, गाली गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के मामले में विजयलाल, सियाराम पटेल, लालू पटेल, प्रमोद पटेल, विनोद पटेल, सुरेश पटेल, उदेलाल पटेल, बसंत पटेल, सुलोचना पटेल, सागर बाई पटेल, अंजन मोती पटेल, काजल पटेल, बुधियारीन बाई, देवसिंग एवं अन्य साथीगण के विरूद्ध धारा 115(2), 191(2), 296, 324(2) बीएनएस दर्ज किया गया है। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि उसे छग शासन से ग्राम भठोरी, रा.नि.मं. भूकेल, तह-बसना, जिला महासमुंद स्थित भूमि ख.नं. 313/2 रकबा 411.53 वर्ग मीटर भूमि भूमि स्वामित्व हक में प्राप्त हुआ है, जिसका शासन से पट्टा भी प्राप्त हुआ है। उक्त वर्णित शासन से प्राप्त भूमिस्वामित्व हक की भूमि पर उसके द्वारा मकान निर्माण किया जा रहा था। 28/09/2026 को लगभग 10 बजे आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर एकराय होकर उसके स्वामित्व के भूमि पर बलात प्रवेश कर उसके साथ गाली गलौच करते हुए निर्माणाधीन मकान को तोड़ दिया। साथ ही उक्त स्थल पर कार्य कर रहे मिस्त्री एवं मजदूरों के साथ मारपीट किया गया और डरा धमका कर भगा दिया गया। वहीं उसके होटल के सामान को क्षतिग्रस्त किया गया। उसकी पुत्री के विनोद पटेल और रितेश पटेल के द्वारा ईंट फेंक एवं डंडे से मारपीट की गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।







